Ref:.................... Date:..........................

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (10.12.2024)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 10.12.2024, PAGE-06**

# वीमेंस बास्केबॉल के लिए 20 टीमों ने भेजी सहमति

**बीआरएबीयू**

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददाता। बीआरएबीयू के तत्वावधान में 26 से 30 दिसंबर तक एलएन मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज कैंपस में होने वाले ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केबॉल चैम्पियनिशप में मेजबान बीआरएबीयू, पटना विश्वविद्यालय समेत 20 विश्वविद्यालयों की टीमों ने अपनी सहमति आयोजक बीआरएबीयू स्पोर्ट्स कौंसिल को भेज दी है। अभी और विश्वविद्यालयों की इंट्री आनी है। आयोजन सचिव सह स्पोर्ट्स कौंसिल के सचिव डॉ. कांतेश कुमार के अनुसार चैम्पियनिशप में इंट्री लेने की अंतिम तिथि 16 दिसंबर तक है। उन्होंने बताया कि इंडियन यूनिवर्सिटी एसोसिएशन की स्पोर्ट्स विंग ने पहलीबार बीआरएबीयू को ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केबॉल चैम्पियनिशप की मेजबानी सौंपी है। इस चैम्पियनशिप को यादगार बनाने में बीआरएबीयू प्रशासन जुटा है।

कुलपति डॉ. दिनेश चन्द्र राय स्वयं इस चैम्पियनशिप की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि एलएन मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज के कैंपस में दो बास्केटबॉल कोर्ट हैं, जहां चैम्पियनिशप के सभी मैच कराये जाएंगे।

बाहर से आनेवाली टीमों को पीजी गर्ल्स हॉस्टल में ठहराया जाएगा। हॉस्टल में ही खिलाड़ियों के लिए मेस की व्यवस्था की जाएगी ताकि उन्हें किसी प्रकार की परेशानी न हो।



एलएन मिश्रा बिजनेस मैनेजमेंट कॉलेज कैंपस में बास्केटबॉल का सिंथेटिक्स कोर्ट।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE :10.12.2024, PAGE-06**

# डिग्री के आवेदनों की होगी ट्रैकिंग

- छात्र संवाद में डिग्री नहीं मिलने के आए मामले
- विवि ने जल्द डिग्री बनाने का लिया फैसला

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू में छात्रों की डिग्री को समय पर उनतक पहुंचाने के लिए अब आवेदनों की ट्रैकिंग की जाएगी। परीक्षा विभाग यह काम शुरू करने जा रहा है।

परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान के दिशा निर्देश में डिप्टी कंट्रोलर डॉ. रेणुबाला और डॉ. आनंद दुबे ने इसकी कवायद शुरू कर दी है। डॉ. रेणुबाला का कहना है कि आवेदन की ट्रैकिंग होने से पता चलेगा कि कौन सा आवेदन कहां है। उनका कहना है कि ट्रैकिंग होने से छात्रों को एक हफ्ते के अंदर डिग्री मिल जाएगी। परीक्षा विभाग में डिग्री के लिए छात्रों को सालभर से अधिक तक इंतजार करना पड़ता था। बिहार विवि के गेस्ट हाउस में सोमवार को हुए छात्र संवाद में भी डिग्री नहीं मिलने के कई मामले आये। छात्र संवाद की अध्यक्षता प्रॉक्टर प्रो. विनय शंकर राय ने की। छात्र संवाद में मोतिहारी से आये नीरज सिंह ने बताया कि उन्होंने दो बार आवेदन किया, लेकिन अबतक उन्हें डिग्री नहीं मिली है। संवाद में उन्हें एक हफ्ते का समय दिया गया। पीजी कॉमर्स की कनकलता ने कहा कि उसने वर्ष 2022 में परीक्षा पास की, लेकिन अबतक डिग्री नहीं मिली। पूजा कुमारी ने कहा कि उसे चार वर्षीय बीएड में एक नंबर से फेल कर दिया गया। इसी तरह कई विद्यार्थियों ने समस्या रखी।

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.12.2024, PAGE-06**

## प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा लगेगी

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा लगेगी। कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सोमवार को विवि के प्रशासनिक भवन में निरीक्षण के दौरान यह निर्देश डिप्टी रजिस्ट्रार 1 को दिया।

उन्होंने कहा कि सीढ़ी के ठीक सामने दो फीट की प्रतिमा लगाई जाये। यह प्रतिमा सरस्वती पूजा से पहले लग जायेगी। कुलपति ने बताया कि विवि में 100 फीट का तिरंगा झंडा भी लग रहा है। गणतंत्र दिवस से पहले विवि में यह झंडा लग जायेगा।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.12.2024, PAGE-06**

## पीएचडी की प्रवेश परीक्षा जनवरी के अंतिम हफ्ते में

मुजफ्फरपुर, प्रसं। बीआरएबीयू में पैट 2023 की परीक्षा जनवरी के अंतिम सप्ताह में होगी। बीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय ने बताया कि पैट 2022 का रिजल्ट तीन से चार दिन में जारी कर दिया जाएगा। पैट 2022 के लिए वेकेंसी भी विवि के पास पहुंच गई है। बताया कि पैट 2023 की परीक्षा लेने से पहले एक बार फिर से पोर्टल खोला जाएगा। पैट 2023 का आवेदन जून में लिया गया था। हालांकि, अभी पैट 2021 में गाइड की अनुमति विवि से विभागों को नहीं मिली है। एक विभागाध्यक्ष ने बताया कि हमलोगों ने गाइड के लिए तीन नामों की सूची भेज दी है। विवि से अनुमोदन आने के बाद छात्रों को सुपरवाइजर मिलेंगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:.....................** **Date:..........................**


**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:10.12.2024**
**PAGE-04**


## विश्वविद्यालय में लगेगी मां सरस्वती की प्रतिमा

**मुजफ्फरपुर :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होगी। यह प्रतिमा प्रशासनिक भवन में सीढ़ियों से ऊपर जाने वाले गोलंबर के पास स्थापित होगी। इसके लिए कुलपति प्रो. डीसी राय ने सोमवार को प्रशासनिक भवन का निरीक्षण किया। दूसरी ओर विश्वविद्यालय पार्क के सौंदर्यीकरण पर भी सहमति बनी है। विश्वविद्यालय में 100 फीट का तिरंगा लगाया जाना है। बताया जा रहा है कि गणतंत्र दिवस से पहले यह कार्य पूरा हो जाएगा। (जासं)

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR**
**DATE : 10.12.2024, PAGE-04**

## 16 दिसंबर तक भरा जाएगा पीजी फोर्थ सेमेस्टर का परीक्षा फार्म

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने पीजी फोर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फार्म भरने की तिथि विस्तारित कर दी है। अब छात्र-छात्राएं बगैर विलंब शुल्क के 16 दिसंबर तक फार्म भर सकेंगे। इसको लेकर परीक्षा नियंत्रक की ओर से सोमवार को निर्देश जारी किया गया है। बताया गया है कि 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ अभ्यर्थी 17 से 20 दिसंबर तक पीजी विभागों से लेकर कालेजों में परीक्षा फार्म भर सकेंगे। परीक्षा नियंत्रक की ओर से बताया गया है कि सभी अभ्यर्थी अपने संबंधित कालेज और पीजी विभागों से परीक्षा फार्म हासिल करेंगे। इसे भरकर विभागों में जमा करेंगे। विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है कि इस अवधि में छात्र-छात्राएं परीक्षा फार्म के साथ-साथ नामांकन शुल्क भी जमा कर सकेंगे। इसकी जानकारी सभी संबंधित पीजी विभागों से लेकर कालेजों में भेजी गई है।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 10.12.2024, PAGE-04**

## विश्वविद्यालय ने सुधार कर भेजा रिजल्ट, कालेज उपलब्ध नहीं करा रहे अंकपत्र

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पेंडिंग रिजल्ट में सुधार कर भेजने के बाद भी कालेज छात्र-छात्राओं को अंकपत्र उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। छात्र संवाद में इसकी शिकायत की गई है। आधा दर्जन से अधिक मामले ऐसे सामने आए हैं। इनमें कालेज की लापरवाही सामने आ रही है। सोमवार को रेस्ट हाउस में छात्र संवाद का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याएं रखीं।



विश्वविद्यालय में छात्र संवाद में पीड़ा सुनाते विद्यार्थी • जागरण

मोतिहारी से पहुंचे नीरज कुमार ने बताया कि वह पिछले चार महीने से विश्वविद्यालय को दौड़ लगा रहे हैं, लेकिन डिग्री नहीं मिल रही है। सबसे पहले उसने सितंबर को डिग्री के लिए आवेदन किया। फिर अक्टूबर के आखिरी सप्ताह में दुबारा आवेदन किया। अब जानकारी लेने तीसरी बार सोमवार को विश्वविद्यालय पहुंचा तो उसने फिर से आवेदन किया। नीरज ने अधिकारियों को बताया कि 2004 में उसने स्नातक की परीक्षा पास की है। सक्षमता काउंसिलिंग के लिए डिग्री की जरूरत है। अधिकारियों ने कहा कि अगले छात्र संवाद तक उनकी डिग्री बन जाएगी। छात्रा पूजा कुमारी ने कहा कि चार वर्षीय इंटीग्रेटेड बीएड कोर्स में चौथे सेमेस्टर में उसे कम अंक मिले। पीजी कामर्स की छात्रा रुखसाना खातून को मार्च में आवेदन करने के बाद भी डिग्री नहीं मिली है। संवाद में पहुंची कनक लता ने बताया कि उन्होंने पिछले वर्ष ही डिग्री के लिए आवेदन किया था, लेकिन अब तक नहीं मिल सकी है। वैशाली के राजा कुमार ने शिकायत की है कि स्नातक का परिणाम पोर्टल पर दिखा था, लेकिन इसके बाद से परिणाम हटा दिया गया। अब रोल नंबर और रजिस्ट्रेशन नंबर डालने पर पेज ब्लैंक दिख रहा है।

छात्र संवाद में डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, प्रक्टर प्रो. बीएस राय, परीक्षा नियंत्रक डा. सुधालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर - 1 डा. रेणुबाला, डिप्टी कंट्रोलर - 2 डा. आनंद प्रकाश दूबे, डा. अमर बहादुर शुक्ला समेत अन्य शामिल हुए।

## अब डिजिटल सिग्नेचर वाली डिग्रियां नैड पर होंगी अपलोड

**विश्वविद्यालय की डिग्रियों पर अब परीक्षा नियंत्रक समेत अन्य के रहेंगे डिजिटल हस्ताक्षर, परीक्षा विभाग ने तैयार किया प्रस्ताव**

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से जारी होने वाली डिग्रियों पर अब डिजिटल हस्ताक्षर होगा। इसके बाद डिग्रियों को नैड यानी नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी पर अपलोड किया जाएगा। डिजिटल हस्ताक्षर वाली डिग्रियां आसानी से अपलोड हो जाएंगी। अब तक सर्टिफिकेट पर मैन्युअल हस्ताक्षर के कारण नैड के पोर्टल पर डिग्री अपलोड नहीं हो पा रही थी। ऐसे में डिजिटल तरीके से डिग्री को अपलोड करने के लिए परीक्षा विभाग के स्तर से इसका प्रस्ताव तैयार किया गया है।

अब तक जारी होने वाली डिग्रियों पर केवल कुलपति का हस्ताक्षर ही डिजिटल तरीके से होता था। वहीं डिग्री के पीछे डीलिंग असिस्टेंट, एसओ व परीक्षा नियंत्रक कलम से दस्तखत करते थे। अब इस प्रक्रिया में बदलाव की तैयारी चल रही है। अधिकारियों और कर्मचारियों के दस्तखत भी डिजिटल तरीके से तैयार किए जाएंगे। अब तक मैन्युअल तरीके से हस्ताक्षर के बाद ही डिग्री की छपाई होती है। परीक्षा विभाग की ओर से तैयार किए गए प्रस्ताव को कुलपति की मंजूरी के बाद लागू किया जाना है। परीक्षा विभाग में इसके लिए सोमवार को बैठक हुई। इसमें कई प्रस्तावों पर चर्चा हुई।

**टीआर से सत्यापित होने के बाद छपेगी डिग्री:** विश्वविद्यालय में अब डिग्री की छपाई की प्रक्रिया में भी बदलाव किया जाएगा। अब तक छात्र आनलाइन आवेदन के साथ अंकपत्र और रजिस्ट्रेशन की कापी परीक्षा विभाग में जमा करते थे। इसी आधार पर डिग्री की छपाई होती थी। इस क्रम में कई बार टैंपरिंग अंकपत्र के आधार पर भी डिग्री जारी होने का मामला सामने आ चुका है। छपाई के बाद मिलान के क्रम में मामला पकड़ में आता था। ऐसे में अब डिग्री की छपाई से पहले ही छात्र-छात्राओं के रिकार्ड का टीआर से मिलान किया जाएगा। आवेदन के साथ ही इसे टीआर के साथ रखा जाएगा। इसके बाद वैरिफिकेशन के बाद ही छपाई के लिए भेजा जाएगा। इस प्रकार किसी भी तरह की गड़बड़ी और फर्जीवाड़ा रोकने के लिए यह व्यवस्था लागू की जाएगी।

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 10.12.2024, PAGE-04**

## पीजी चतुर्थ सेमेस्टर के लिए फॉर्म की तिथि बढ़ी

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से पीजी चतुर्थ सेमेस्टर की परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की तिथि विस्तारित कर दी गयी है. परीक्षा विभाग की ओर से सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की गयी है. छात्र-छात्राएं 16 दिसंबर तक बिना अतिरिक्त शुल्क के फॉर्म भर सकते हैं. वहीं 17 से 20 दिसंबर तक 200 रुपये विलंब शुल्क के साथ फॉर्म भरा जायेगा. परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान ने बताया कि अभ्यर्थी अपने संबंधित कॉलेज और पीजी विभागों से परीक्षा फॉर्म प्राप्त करेंगे. फॉर्म पर सभी जानकारी पहले से ही दर्ज रहेगी. उसके सत्यापन के बाद हस्ताक्षर कर फिर से कॉलेज में जमा कराना है. इसके बाद फी भुगतान करना होगा.

## प्रशासनिक भवन में लगेगी मां सरस्वती की प्रतिमा

**मुजफ्फरपुर.** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में मां सरस्वती की प्रतिमा स्थापित की जायेगी. इसको लेकर कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने सोमवार को डिप्टी रजिस्ट्रार को निर्देश दिया है. कहा कि प्रशासनिक भवन में सीढ़ी के ठीक सामने मां सरस्वती की दो फीट की प्रतिमा लगायी जायेगी. सरस्वती पूजा से पहले प्रतिमा स्थापित करने का आदेश कुलपति ने दिया है. कहा कि विश्वविद्यालय के आंबेडकर उद्यान में 100 फीट का तिरंगा भी लगाया जा रहा है. इसबार विवि परिसर में शान से 100 फीट का तिरंगा लहरायेगा. पार्क का भी सौंदर्यीकरण किया जायेगा. कुलपति सोमवार को प्रशासनिक भवन के विभिन्न विभागों का निरीक्षण कर रहे थे. इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों को शीघ्र पूरा करने को कहा.

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE :10.12.2024, PAGE-04**

### अंकपत्र भेजने के बाद भी डिग्री कॉलेजों की ओर से छात्रों को लौटाया जा रहा

# डिग्री और अंकपत्र छात्रों की मुख्य परेशानी, 90% शिकायतें इसी की

**छात्र संवाद**

**वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर**

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के अतिथि गृह में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया. इस दौरान दो दर्जन से अधिक छात्र-छात्राओं ने अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं. जिन छात्रों की ओर से शिकायतें की गयी, उनमें से करीब 90 प्रतिशत मामले डिग्री और अंकपत्र से जुड़े थे. कई मामलों में विश्वविद्यालय की ओर से अंकपत्र भेजे जाने के बाद डिग्री कॉलेज के स्तर से छात्रों को दौड़ाने की भी शिकायत मिली. मोतिहारी से चौथी बार छात्र संवाद में शिकायत लेकर पहुंचे नीरज सिंह ने बताया कि उन्होंने 2004 में स्नातक उत्तीर्ण किया था. इसके बाद से शिक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे.



विवि गेस्ट हाउस में छात्रों की शिकायत सुनते अधिकारी.

सक्षमता उत्तीर्ण होने के बाद काउंसेलिंग के लिए डिग्री की जरूरत है. ऐसे में नौ सितंबर को आवेदन करने के बाद से अबतक मोतिहारी से चार बार आ चुके हैं. हर बार आवेदन लेकर लौटा दिया जाता है. इंटीग्रेटेड बीएड की सत्र 2022-26 की छात्रा पूजा कुमारी चौथे सेमेस्टर में एक अंक कम मिलने से फेल हो गयी है. छात्रा ने कहा कि उसने बेहतर उत्तर दिया था. कॉपी पर सही की चिह्न भी लगा है लेकिन कम अंक मिले हैं. पीजी कॉमर्स विभाग की छात्रा रुखसाना खातून को मार्च में आवेदन करने के बाद भी डिग्री नहीं मिली. वहीं इसी विभाग की छात्रा कनक लता को पिछले वर्ष से डिग्री के लिए इंतजार करना पड़ रहा है. वैशाली से पहुंचे छात्र राजा कुमार ने बताया कि उसका स्नातक का परिणाम पोर्टल पर दिखा था, लेकिन इसके बाद से परिणाम हटा दिया गया. अब रोल नंबर-रजिस्ट्रेशन नंबर डालने पर पेज ब्लैंक हो जा रहा है. एसएनएस कॉलेज की छात्रा सुहाना खातून अंकपत्र के लिए दो वर्ष से इंतजार कर रही है. छात्रा के आवेदन के बाद जब स्टेटस देखा गया तो दो वर्ष पूर्व ही उसका अंकपत्र कॉलेज को भेजा जा चुका है. इसके बाद कॉलेज के प्राचार्य को मामले से अवगत कराया गया. संवाद की अध्यक्षता कुलानुशासक प्रो.बीएस राय ने की. मौके पर अध्यक्ष छात्र कल्याण डॉ आलोक प्रताप सिंह, परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबालाल पासवान, डिप्टी कंट्रोलर-1 डॉ रेणु बाला, डिप्टी कंट्रोलर-2 डॉ आनंद प्रकाश दूबे, अतिथि गृह के प्रभारी डॉ अमर बहादुर शुक्ला के साथ ही परीक्षा विभाग के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE : 10.12.2024, PAGE-04

# अब विवि की डिग्री पर रहेगा डिजिटल सिग्नेचर

- नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी पर डिग्री अपलोड करने में हो रही परेशानी को देखते हुए की गयी पहल

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से जारी होने वाली डिग्री पर अब डिजिटल सिग्नेचर रहेगा. इसको लेकर प्रस्ताव तैयार किया गया है. इसको लेकर सभी संबंधित पदाधिकारियों का डिजिटल सिग्नेचर तैयार किया जा रहा है. साथ ही प्रस्ताव तैयार कर कुलपति को भेजा गया है. यहां से स्वीकृति मिलने के बाद यह वर्तमान सत्र से ही प्रभावी हो जाएगा. नेशनल एकेडमिक डिपॉजिटरी (नैड) पोर्टल पर डिग्री अपलोड करने में हो रही समस्या को देखते हुए विश्वविद्यालय ने यह निर्णय लिया है. अबतक विश्वविद्यालय से जारी होने वाली डिग्री समेत अन्य प्रमाणपत्रों पर मैनुअल सिग्नेचर होता रहा है. इस कारण डिग्री की छपाई होकर विश्वविद्यालय में आने के बाद इसपर सिग्नेचर कर नैड की प्रक्रिया करनी पड़ती है. इसमें विलंब होता है. ऐसे में अब डिग्री के लिए आवेदन के बाद जब डिग्री बनेगी तो उसपर अधिकारियों का डिजिटल सिग्नेचर हो जाएगा. साथ ही उसकी सॉफ्ट कॉपी नैड पर अपलोड हो जाएगी.

**टीआर से मिलान के बाद ही होगी डिग्री की छपाई :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में डिग्री के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का टीआर से मिलान करने के बाद ही डिग्री छपने की प्रक्रिया होगी. आवेदन करने से लेकर विभिन्न विभागों में इसे फॉरवर्ड करने की पूरी प्रक्रिया रजिस्टर में दर्ज रहेगी. ऐसे में संबंधित आवेदन की क्या स्थिति है. इसे भी आसानी से ट्रैक किया जा सकेगा. यह प्रक्रिया शुरू हो गयी है. ऐसे में छात्र संवाद व विश्वविद्यालय के सिंगल विंडो काउंटर पर डिग्री के लिए प्राप्त होने वाले आवेदनों का निष्पादन सात दिनों के भीतर कर दिया जा रहा है. परीक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार डिग्री के लिए अलग-अलग आवेदन जमा हो रहे थे. ऐसे में उसकी ट्रैकिंग मुश्किल थी. ऐसे में अब सिंगल विंडो काउंटर से ही डिग्री के लिए आवेदन करने का निर्देश छात्र-छात्राओं को दिया गया है. ऑनलाइन भुगतान करने के बाद संबंधित प्रमाणपत्रों को संलग्न करते हुए उसे काउंटर पर जमा कर देना है. मिलान में सबकुछ सही होने पर एक सप्ताह के भीतर डिग्री पोर्टल पर भी अपडेट हो जाएगी. साथ ही वह संबंधित कॉलेजों में भी भेज दी जाएगी.

## 94210 डिग्रियों का स्टेटस विवि के पोर्टल पर अपडेट

बीआरएबीयू से बीते वर्षों में जारी की गयी 94210 डिग्री का स्टेटस आधिकारिक पोर्टल पर अपडेट कर दिया गया है. रोल नंबर के माध्यम से संबंधित सेक्शन में जाकर छात्र-छात्राएं अपनी डिग्री का स्टेटस देख सकते हैं. इसमें डिग्री जारी होने के बाद डिस्पैच डेट अंकित हो जाता है. साथ ही संबंधित कॉलेज के प्रतिनिधियों को डिग्री दे दी जाती है.